हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

11 राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में एक माह चलेगा...



12 रामगोपाल कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो ...



## खबर संक्षेप

### रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए आवेदन 10 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स में सत्र 2025-26 में एमएससी-बायो इंफोर्मेटिक्स तथा पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटेशनल बायोलॉजी पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए फ्रेश एप्लीकेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त तक किए जा सकते हैं। सेंटर फॉर बायोइंफॉर्मेटिक्स की निदेशिका डॉ. महक दांगी ने बताया कि ओपन काउंसलिंग 12 अगस्त को आयोजित की जाएगी और एडमिशन एकेडमिक मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।

### बाइक चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी बिजेंद्र ने बताया कि गांव दुजाना जिला झज्जर निवासी जयबीर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 19 अगस्त 2023 को जयबीर अपनी मोटरसाइकिल से आर्य नगर एरिया में आया हुआ था। जयबीर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर ड्यूटी पर चला गया। वापिस आने पर जयबीर को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 4 अगस्त को आरोपी पवन निवासी बहादुरगढ़ हाल किरायेदार काठ मंडी रोहतक को गिरफ्तार किया गया है।

### भराण गांव के युवक से ठगे 52,000 रुपये

**महम।** भराण गांव के एक युवक के साथ 52000 रुपये की ठगी की गई है। भराण निवासी अभिषेक पुत्र जितेंद्र ने बताया कि उसके पास एक अगस्त को किसी अज्ञात नम्बर से फोन आया था। फोन करने वाले ने कहा कि मैं भारतीय सेना का जवान हूं और भिवानी में कुछ कार्य करवाना है इसलिए आप अपनी जेसीबी मशीन भिवानी भेज दो। आप 52000 रुपये डाल दो आपको दो गुणा रुपये वापस मिल जाएंगे। रुपये भेजने के बाद फ़्रॉड होने का पता चला। उसके बाद 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई गई।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 11वीं सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए 10 अगस्त 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। कक्षा 10वीं में सत्र 2024-25 में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले व एक जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच जन्मे विद्यार्थी विद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन माध्यम से अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं या विद्यालय की ई-मेल पर स्कैन कॉपी भी भेज सकते हैं।

### बिजली निगम में 3 शिकायतों का निवारण

**रोहतक।** मॉडल टाउन स्थित बिजली निगम कार्यालय में मंगलवार को बिजली सभा का आयोजन किया गया। बिजली सभा में 7 उपभोक्ताओं ने अपनी समस्या सुनाई। बिजली सभा में उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनने के लिए बिजली निगम की एक्सईएन सर्बन-1 सीमा नारा ने मौजूद रही। वहीं, उन्होंने 7 समस्याओं को जांच की और 3 का मौके पर निवारण किया गया।

### पर्यावरण को बचाने के लिए किया पौधरोपण

**रोहतक।** एलपीएस बोसार्ड व भारत विकास परिषद युवा शाखा के तत्वाधान में गोहाना रोड पर स्थित जॉन वेसले कॉनवेंट स्कूल के प्रांगण में पर्यावरण को बचाने के लिए चलाई जा रही मुहिम मेघा ट्री प्लांटेशन ड्राइव के तहत स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर 50 पेड़ लगाए गए। इसके साथ साथ 50 पौधे मॉडल स्कूल में लगाए गए।

# बच्चे को बंधुवा मजदूर बनाकर किए जुल्म, हाथ कटा तो अंधेरे में छोड़कर भागा मालिक

## अब पीजीआईएमएस में चल रहा है घायल का उपचार, राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग की टीम पहुंची हालात जानने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





बिहार के एक बच्चे के साथ यहां खूब दरिंदगी हुई। वह दो माह पहले वह किसी अज्ञात व्यक्ति के संपर्क में आया। जिसने उसे दो माह तक बंधक बनाकर काम करवाया। इस दौरान बच्चे का हाथ गंडासे में कट गया और वही व्यक्ति बच्चे को 25 से 30 किलोमीटर दूर अंधेरे में छोड़कर फरार हो गया। किसी तरह बच्चा नूंह में पहुंचा, जहां से लोगों ने उसे पीजीआई रोहतक भर्ती कराया। मामले की जानकारी मिलने के बाद राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग की टीम पीजीआई में पहुंची और बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही तत्काल कार्रवाई के लिए भी आदेश दिए गए। जानकारी के अनुसार, जस्ट राइटस फार चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इण्डिया की टीम को जानकारी मिली कि पीजीआई में एक बच्चा दाखिल है जिसको बंधुवा बनाकर बुरी तरह से प्रताड़ित किया गया है। मामला संज्ञान में आते ही टीम पीजीआई पहुंची और बच्चे व उसके परिजनों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। संस्था द्वारा परिवार को दवाईयां व अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया। बच्चे शंकर (नाम बदला हुआ) ने बताया, वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। लगभग 2 माह पहले अपने गांव से हरियाणा के कैथल जिले में जीरी लगाने जा रहे थे। रास्ते में बहादुरगढ़ स्टेशन पर वह ट्रेन से उतरा कि थोड़ी देर में ट्रेन चल पड़ी और वह स्टेशन पर ही रह गया। थोड़ी देर इधर-उधर घूमने के बाद स्टेशन पर एक व्यक्ति उसके पास आया और कहने लगा कि मेरे पास काम करेगा। दस हजार रूपये महीना दूंगा। वह उस व्यक्ति के साथ चल पड़ा। वह व्यक्ति मुझे अपनी मोटरसाइकिल बैठा कर ले गया और अज्ञात स्थान पर अपनी भैंसों की डेयरी की रखवाली व डेयरी के काम के लिए रख लिया। बच्चे शंकर के बड़े भाई जितेन्द्र ने बताया कि हमने अपने भाई के गुमशुदगी की जानकारी बहादुरगढ़ पुलिस को दी और बच्चे के पोस्टर छपवा कर बहादुरगढ़ स्टेशन पर लगवाए। साथ ही जीन्द और कैथल में भी गुमशुदगी के पोस्टर लगवाए लेकिन बच्चे का कहीं पता नहीं चला।

### चारा काटते समय बच्चे का कटा हाथ

शंकर से बातचीत में पता चला कि पशुओं के लिए चारे की कटाई करते हुए उसका हाथ मशीन से कुहनी तक कट गया। हाथ कटने के बाद वह बेहोश हो गया। डेयरी मालिक ने उसके हाथ की लटकी चमड़ी को ब्लेड से काट दिया। घर पर एक इंजेक्शन दिया था।

### हर संभव मदद का आश्वासन दिया

एमडीडी ऑफ इण्डिया के माध्यम से मामला राज्य बाल संरक्षण आयोग के संज्ञान में लाया गया। राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश कुमार, संस्था के कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह मान, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, बाल कल्याण समिति की चेयरमैन आशा आहुजा, बाल संरक्षण अधिकारी संस्थागत मोनी, जस्ट राइटस फार चिल्ड्रन, दिल्ली से एडवोकेट सुमित रोहिला, एमडीडी ऑफ इण्डिया के जिला संयोजक सुभाष चन्द्रा, वीएसी विकास तथा वीएसएसी मिथलेश ने पीड़ित बच्चे से मुलाकत की और उसे हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आयोग के सदस्य गणेश कुमार ने कहा कि आयोग ने मामले पर कड़ा संज्ञान लिया है और हम बच्चे की मदद में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### भूखा प्यासा और खून से लथपथ हाथ के साथ भटकता रहा बच्चा


अनजान जगह होने के कारण बच्चा दो दिन तक भूखा प्यासा और पैदल सड़क पर चलता रहा। हाथ कटा होने और शरीर पर कपड़े ने होने के बावजूद किसी ने उसकी मदद नहीं की। पैदल चलते-चलते वह नूंह पहुंच गया। वहां किसी व्यक्ति ने उसकी हालत देखते हुए पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस ने उससे नाम और पता पूछा तो उसने किशनगंज बिहार का पता दिया। पुलिस ने किशनगंज पुलिस से सम्पर्क किया। वहां से बच्चे के गांव का पता चला। गांव से पिता और भाई का फोन नम्बर ढूंढ कर उनसे सम्पर्क किया। पता चला कि बच्चे के पिता और भाई कैथल के एक गांव में जीरी लगाने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलने पर बच्चे का बड़ा भाई तुरन्त नूंह पहुंचा और शंकर को लेकर पीजीआई पहुंचा। यहां पर डॉक्टरों ने बच्चे का तुरन्त आप्रेशन किया और बच्चे की जान बच गई।

## प्रदेश सरकार ने हेल्थ यूनिवर्सिटी रोहतक से मांगा स्पष्टीकरण

# एमबीबीएस एग्जाम गड़बड़झाले के बाद अब नर्सिंग परीक्षा में भी गड़बड़ी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

राज्य सरकार द्वारा इस समय पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा अगस्त 2024 में आयोजित एमबीबीएस परीक्षा गड़बड़झाले की जांच करवाई जा रही है। इसी बीच यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस (यूएचएस)के नर्सिंग एग्जाम में बड़े पैमाने पर नकल का एक नया मामला प्रकाश में आया है। डायरेक्टर जनरल मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (डीजीएमईआर) हरियाणा ने यूएचएस के परीक्षा नियंत्रक को बकायदा पत्र भेजकर जवाब मांगा है। जिसमें कहा गया है कि नर्सिंग परीक्षाओं में नकल करवाने के लिए परीक्षा नियंत्रक ने प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया। जबकि एग्जाम से ठीक पहले डीजीएमईआर पंचकूला ने विश्वविद्यालय को आदेश दिए थे कि निजी नर्सिंग कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज को ही एग्जाम सेंटर बनाया जाए। लेकिन हेल्थ यूनिवर्सिटी ने डीजीएमईआर के आदेशों की पालना बिल्कुल भी नहीं की।


Director General Medical Education & Research, Haryana, Panchkula

**रोहतक।** स्पष्टीकरण के लिए डीजीएमईआर पंचकूला द्वारा हेल्थ यूनिवर्सिटी रोहतक को भेजा गया पत्र।

### नहीं माने सरकार के आदेश

सूत्र बताते हैं कि नकल के एवज में परीक्षार्थियों से सुविधा शुल्क तक वसूला गया। सरकार ने परीक्षा नियंत्रक को सख्त लहजे में कहा कि एक सप्ताह में ये बताया जाए कि एग्जाम सेंटर को लेकर सरकार के डीजीएमईआर के ऑर्डर की पालना क्यों नहीं की गई। सरकार ने ये कहा कि अगर परीक्षा नियंत्रक का जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों हेल्थ यूनिवर्सिटी ने सरकार को जवाब भेज दिया है।

ध्यान रहे कि गत नर्सिंग परीक्षाएं गत 2 जुलाई से प्रारंभ हाकर 24 जुलाई को संपन्न हो गई हैं। एग्जाम शुरू होने के एक दो दिन बाद ही सरकार को सूचनाएं मिली कि हेल्थ यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं में निजी कॉलेजों द्वारा उनके यहां बनाए गए परीक्षा केंद्रों में जमकर नकल करवा रही है। मालूम रहे कि प्रदेश में नर्सिंग के दो ही सरकारी कॉलेज हैं, एक पीजीआईएमएस रोहतक में और दूसरा जींद के सफीदों में। इसके अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक निजी नर्सिंग महाविद्यालय हैं। इन महाविद्यालयों को हेल्थ यूनिवर्सिटी ने सरकार द्वारा मना करने के बाद भी परीक्षा केंद्र बनाया। आरोप है कि यहां नकल करवाई गई।

### एमबीबीएस गड़बड़झाला के बारे में जानें



अगस्त 2024 में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की परीक्षाएं हुई। इनमें फर्जीवाड़े का खेल कर्मचारियों ने परीक्षार्थियों से मिलकर किया। यूनिवर्सिटी कर्मचारियों ने गोपनीय शाखा से उत्तर पुस्तिकाएं निकाली। और दोबारा से हल करवाने के लिए छात्रों से मोटा पैसा वसूला गया। उत्तर पुस्तिकाएं उन्हीं छात्रों से हल करवाई , जिनकी ये थी। फर्जीवाड़े की शिकायत विडियो समेत दूसरे दस्तावेजों के विश्वविद्यालय को की गई। इसके बाद मामले की विजिलेंस की जांच प्रारंभ हुई। जिसमें कई और चौकाने वाले तथ्य उजागर हुए। विजिलेंस ने कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने कई कर्मियों को नौकरी से हटा दिया।

### यूएचएस में 9 महीने से नहीं स्थाई वीसी

ध्यान रहे कि 29 नवंबर 2024 को हेल्थ यूनिवर्सिटी की वीसी डॉ. अनिता सक्सेना अपना तीन साल का निर्धारित कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हो गई। डॉ. सक्सेना की रिटायरमेंट के बाद कुल सचिव डॉ. एचके अग्रवाल को अस्थाई कुलपति की जिम्मेदारी राज्य सरकार ने दी। लेकिन अभी तक सरकार वीसी नियुक्त नहीं कर सकी है। नियुक्ति के लिए पिछले दिनों ईसी की विशेष बैठक बुलाई गई। इसमें कुलपति पद के लिए आवेदन करने वाले चार सदस्य भी शामिल रहे। इन्होंने सर्च कमेटी के लिए दो सदस्यों का नाम चुनकर सरकार को प्रेषित किए। हेल्थ यूनिवर्सिटी की नियमावली के मुताबिक वीसी के दावेदार बैठक में शामिल नहीं हो सकते। ऐसे में सर्च कमेटी पर सैकड़ों किंतु-परंतु हैं। और अब यही कारण है कि सरकार कुलपति की नियुक्ति नहीं कर पा रही है।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

## पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पत्रकारों से हुए रूबरू

# हजारों एकड़ जमीन जलमग्न, 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार

■ हुड्डा ने दी पूर्व राज्यपाल स्व. सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया है कि भिवानी, रोहतक, हिसार, जींद, कुरुक्षेत्र, अंबाला समेत हरियाणा के कई जिलों में हजारों एकड़ भूमि जलमग्न हो चुकी है। क्योंकि सरकार ने जल निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की। इसके चलते किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस बार की फसल तो बर्बाद हो ही गई। आने वाले सीजन की भी उम्मीद नजर नहीं आ रही। इसलिए किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार को जल्द गिरदावरी करवाकर प्रति एकड़ 50 हजार रूपये मुआवजा देना चाहिए। वे मंगलवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। आज सिर्फ गांव व खेत ही नहीं, बल्कि शहर भी जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। क्योंकि हमेशा की तरह बारिश से पहले सरकार ने किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की। उन्होंने पूर्व राज्यपाल स्व. सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि भी दी। कहा कि ना शहरों में सीवरेज की सफाई करवाई गई और ना ही गांव में ड्रेंस की सफाई की गई। साफ-सफाई की व्यवस्था भी पूरी तरह तबाह हो चुकी है। हरेक जगह गंदगी के चलते बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। मानसून सत्र में कांग्रेस कृषि, कांग्रेस कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़े हुए क्लेकटर रेट जैसे तमाम मुद्दों को उठाएगी।

### कुलपति ने लिया जायजा

# एमडीयू में हुई बीटेक की फिजिकल काउंसलिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सत्र 2025-26 के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मंगलवार फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया गया। राधाकृष्णन सभागार में आयोजित इस एडमिशन काउंसलिंग कार्यक्रम का निरीक्षण स्वयं कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने किया। उन्होंने काउंसलिंग के लिए आए विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से बातचीत की और उनका फीडबैक लिया। कुलपति व कुलसचिव ने प्रवेश प्रक्रिया की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे पारदर्शी, प्रभावी और छात्रहित में बताया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने यूआईईटी के निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह और एडमिशन समिति के सदस्यों से बातचीत कर काउंसलिंग की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं और सेवाएं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि एमडीयू शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता में भी अग्रणी है, बीटेक की प्रवेश काउंसलिंग की सुव्यवस्थित प्रक्रिया ने इस बात को एक बार फिर से साबित किया है।

### फतेहपुरी कॉलोनी में युवकों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने फतेहपुरी कॉलोनी में दो युवकों पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सुरेश निवासी हनुमान कॉलोनी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 14 मई 2021 को विकास उर्फ सहवाग ने अपने साथियों के साथ मिलकर रितिक का अपहरण कर लिया। रितिक ने फोन करके मद्द के लिए अपने दोस्त सुरेश को बुलाया। सुरेश अपने दोस्त आकाश के साथ फतेहपुरी कालोनी पहुंचा तो कालू ने देशी कट्टे से आकाश पर फॉयर कर दिया। विकास उर्फ सहवाग व कालू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सुरेश व आकाश पर जानलेवा हमला कर दिया तथा सुरेश से करीब आठ हजार रुपये व चांदी की चैन छीनकर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 3 अगस्त को आरोपी राजिन उर्फ इन्द्रजीत निवासी संगरुर, पंजाब को गिरफ्तार किया गया है।

## पीजीआई की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सविता ने बताया

# महिलाएं बच्चों को दो साल तक स्तनपान जरूर करवाएं



रोहतक। नवजात शिशु को सिर्फ मां का दूध पिलाना चाहिए वह बच्चे के साथ- साथ मां के लिए भी बहुत ज्यादा फायदेमंद साबित होता हैं। यह कहना है पीजीआईएमएस की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सविता सिंघल का। वें स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा नर्सिंग कॉलेज के साथ मिलकर 1 से 7 अगस्त तक मनाए जा रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को ओपीडी में गर्भवती महिलाओं को जागरूक कर रही थीं। डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि पहले दो दिन मां का दूध काफी गाढ़ा होता है जो बच्चे के लिए एक रक्षा कवच की तरह काम करता हैं। उन्होंने कहा कि छह माह तक मां को दूध के अलावा बच्चे को कुछ भी नहीं पिलाना चाहिए। डॉ. सविता सिंघल ने बताया कि महिला को 2 साल तक स्तनपान करवाना चाहिए और बाहर जाने पर दूध निकालकर उसे 4-5 घंटे तक संभाल कर रखें। स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा दहिया ने कहा कि उनकी इस जागरूकता मुहिम का उद्देश्य माताओं और शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व को बढ़ावा देना है।

**बैठक** | पहले पत्र भेजकर मेयर ने कहा था कि चुनाव करवाए जाएंगे

# मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने पार्षदों को एकमत करने के लिए की मीटिंग, 14 कमेटियों पर बनी सहमति

### दो कांग्रेसी पार्षद बैठक से रहे दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम हाउस की मीटिंग दस अगस्त को होने जा रही है। इसी दिन पार्षदों की कमेटियों के लिए चुनाव भी होने तय हुए हैं। पार्षदों को कमेटियों के मामले में एकमत करने एवं एजेंडों पर सहमत करने के लिए मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने मंगलवार को पार्षदों के साथ एक होटल में मीटिंग की। जहां लंच पर कमेटियों के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान पार्षदों ने कमेटी के सदस्य चुनने के सभी अधिकार मेयर को दिए। जिसके बाद सर्वसम्मति हुई कि मेयर ही कमेटियों का चयन करेंगे और इसका कोई विरोध नहीं जताएगा। मीटिंग से दो कांग्रेसी पार्षद नदारद रहे। जबकि भाजपा समर्थित अधिकतर पार्षद मीटिंग में मौजूद रहे। नगर निगम में 22 वार्ड हैं। चार पार्षद मनोनित किए गए हैं, हालांकि उन्हें कमेटी चुनने में वोट डालने का अधिकार नहीं है। एक दिन पहले मेयर द्वारा पार्षदों को जारी पत्र में बताया गया था कि कमेटियों के सदस्यों को 6 अगस्त को शाम तक नामांकन फार्म भरकर जमा करवाने हैं। 14 कमेटियां बनाई जानी हैं। वित्त कमेटी में दो सदस्य और अन्य कमेटियों में पांच पांच सदस्य नियुक्त किए जाएंगे। लेकिन अब पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति करने के बाद चुनाव की नौबत नहीं आएगी।

**पार्षदों के साथ बैठक करते मेयर रामअवतार वाल्मीकि**



### मुख्यालय ने मांगा जवाब

मुख्यालय की तरफ से नगर निगम को पत्र भेजा गया है। जिसमें 11 अगस्त तक कमेटियों के गठन की जानकारी मांगी गई है। इसलिए 10 अगस्त को चुनाव और हाउस की मीटिंग रखी गई है। इससे पहले की मीटिंग में कमेटियों के गठन को लेकर हंगामा हो गया था। कई पार्षदों ने कमेटियां नहीं बनाने पर नाराजगी जताई थी।

### मीटिंग के एजेंडे

मेयर रामअवतार की तरफ से पार्षदों को भेजे गए पत्र में छह एजेंडों का जिक्र किया गया है। हाउस की मीटिंग में शहर की पशु डेयरियों को कन्हेली शिफ्ट करने की योजना पर चर्चा होगी। इस योजना को पूरा करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स की रिक्वरी को लेकर अपडेट लिया जाएगा। बोहर में प्रजापति समाज को जमीन मुहैया करवाने के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। सनसिटी में स्टाफ के मकान निर्माण करने और सामुदायिक केंद्रों को लीज पर देने के प्रस्ताव रखें जाएंगे। इसके साथ ही नगर निगम कार्यालय के लिए नए भवन बनाने को लेकर दोबारा प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। मीटिंग में इन एजेंडो पर सहमति बनाई गई।



# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

## लाइफ Style

# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक


**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब



सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।

# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।




### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म
## 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



*देश की पहली जुबली गर्ल :* ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

*नई दिल्ली। नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंट्स फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप

### वॉलीबॉल में आरकेपी स्कूल की टीम विजेता

**महम।** महम ब्लॉक के विद्यालयों के खिलाड़ियों के लिए खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। लड़कों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता मॉडल स्कूल महम में आयोजित की गई। कुश्ती प्रतियोगिता मदीना व्यायामशाला में, कबड्डी मुकाबले आदर्श स्कूल मदीना में, बॉक्सिंग प्रतियोगिता टेलेंट ट्री स्कूल में और योग स्पर्धा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में आयोजित की गई। इन मुकाबलों के अंडर 19 आयु वर्ग में आरकेपी स्कूल मदीना के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### केंद्र सरकार के खिलाफ 8 को माकपा देगी धरना

**रोहतक।** बिहार में मतदाता सूचियों के गहन परिक्षण के नाम पर वोटबंदी , बंगाली भाषी नागरिकों के अवैध उत्पीड़न, रोहतक शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था, जलभराव व देश में प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के विरोध में देशव्यापी आह्वान के तहत 8 अगस्त को माकपा उपायुक्त कार्यालय पर करेगी धरना। मीटिंग में राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद व सचिवमंडल सदस्य इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जिस तरह से चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का आदेश दिया है। अब, चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को पूरे देश में लागू करना चाहता है।

### 12 अगस्त से 12 सितंबर तक दी जाएगी एचआईवी-एड्स बचाव की जानकारी

# राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक माह तक चलेगा एड्स जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि जिला में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में 12 अगस्त से 12 सितंबर तक आमजन को जागरूक करने के लिए एड्स जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी पंचकूला के निर्देशन में स्कूल और कॉलेज में जागरूकता सत्र, कामन सर्विस सेंटर पर जागरूकता एवं जांच सत्र, सेमिनार, रैड रन, प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित कर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित जिला के सभी चैनल एवं प्रिंट मीडिया के अधिकारी व कर्मचारियों की एक दिवसीय वर्कशॉप की अध्यक्षता कर रहे थे। हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां पर एच आई वी एड्स प्रभावित लोगों को हर माह 2250 रुपए की मासिक सहायता प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 1097 पर काल करके कोई भी व्यक्ति एच आई वी एवं एड्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसके साथ साथ आईसीटीसी पर जाकर कोई भी व्यक्ति अपनी जांच करवा सकता है। यह पूर्ण रूप से गुप्त और मुफ्त है। इसके साथ साथ एच आई वी ग्रस्त व्यक्ति को एआरटी केंद्र पर दवाई भी मुफ्त मिलती हैं। उन्होंने कहा कि आमजन में इस बीमारी को लेकर फैले भय, भेदभाव और भ्रांतियों को दूर करने की दिशा में ज्यादा से ज्यादा कार्य करना है।सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि सरकार द्वारा एचआईवी एड्स से संक्रमित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मुख्य वक्ता के तौर पर डीएसएचए दिशा जींद से आए क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर मनोज कुमार ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी तथा इस कार्यक्रम में पत्रकारों की सक्रिय भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ. अनिलजीत त्रेहान, कार्यक्रम के संयोजक जिला परिवार कल्याण शिक्षा अधिकारी सुरेश भारद्वाज व काउंसलर कुसुम सहित काफी संख्या में उपस्थित रहे।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य। फोटो : हरिभूमि

#### एड्स की बीमारी से बचाव ही एक तरीका: डॉ. चंद्र

डॉ. रमेश चंद्र ने कहा कि एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति समय पर इलाज लेकर तो अपने परिवार का बचाव व पालन पोषण सही तरीके से कर सकता है। एचआईवी एड्स की बीमारी से बचाव ही एक तरीका है। इसके अलावा कोई भी साधन नहीं है। इन्होंने एचआईवी एड्स से फैलने वाले सभी उपकरणों एवं अन्य तरीकों के बारे में पूर्ण जानकारी भी दी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मीडिया से जुड़े पत्रकारों को हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2025 से 1 महीना आयोजित होने वाले शिविरों की गतिविधियों की सक्रिय रूप से रिपोर्टिंग करने बारे जागरूक करना है ताकि जन-जन तक यह संदेश पहुंचाया जा सके।

#### स्कूल और कॉलेज में होंगे कार्यक्रम

इस अभियान में हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी पंचकूला के निर्देशन में स्कूल और कॉलेज में जागरूकता सत्र, कामन सर्विस सेंटर पर जागरूकता एवं जांच सत्र, सेमिनार, रैड रन, प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आदि गतिविधियां आयोजित कर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी।



### आईबी स्कूल की छात्रा याशी ने बॉक्सिंग जीता स्वर्ण

**रोहतक।** आईबी स्कूल की छात्रा याशी ने सीबीएसई नॉर्थ जोन बॉक्सिंग टूर्नामेंट (अंडर-14) में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता गुरुग्राम जिले के आरबीएसएॅम पब्लिक स्कूल भोंडसी जिला गुरुग्राम में आयोजित की गई, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। याशी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और अथक मेहनत से इस पदक को हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक व साथी विद्यार्थियों ने गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दीं। इस अवसर पर आईबी स्कूल मैनेजमेंट व स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने याशी की इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों को भी खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।




### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों में हरियाली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस कार्यक्रम में विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्रों ने शिरकत की। यह कार्यक्रम भारत विकास परिषद व एलपीएस बोसार्ड के सौजन्य से हुआ। विद्यालय निदेशक सुरेंद्र मलिक व विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने परिषद् के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद करते कहा कहा कि यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति एक सकारात्मक कदम था, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक जिम्मेदारी के विकास की दिशा में भी अत्यंत प्रभावी रहा। इस अवसर पर भारत विकास परिषद से अशोक गुप्ता, अमित मित्तल, रेनू खत्री, अक्षय गोयल, डॉ. आरके चौधरी, डॉ. एसएल वर्मा आदि रहे।

## वैश्य एजुकेशन सोसायटी ने पोलिंग अधिकारियों एवं सहायक स्टाफ सदस्यों को प्रंशसा पत्र देकर किया सम्मानित

- वैश्य एजुकेशन सोसायटी की 105 कॉलिजियम के चुनाव सफल बनाने को हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य एजुकेशन सोसायटी की 105 कालिजियम के चुनाव सफल बनाने के लिए मंगलवार महाराजा अग्रसैन आडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के स्टाफ सदस्यों, पोलिंग अधिकारियों एवं सहायक स्टाफ सदस्यों को प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल ने कहा कि कुछ लोग हमारी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे थे लेकिन बड़े गर्व की बात है कि संस्थान के स्टाफ सदस्यों ने अथक मेहनत व योगदान देकर चुनाव को सफल बनाया है। सोसायटी के इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि चुनाव को लेकर एक भी शिकायत मतदान के बाद नही आई। यह चुनाव में पारदर्शिता का एक जीता जागता उदारहण है। इस अवसर पर संस्थानों के प्राचार्य गण, नोडल अधिकारी डा. पवन गर्ग, सुशील शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डा. फूल सिंह यादव, राजन सरीन, डा.प्रवीण काजला, डा. संजय जिन्दल, उन्मेष मिश्रा, को रिटर्निंग अधिकारी अजीत प्रसाद जैन, शिवाजी थाना प्रभारी राकेश सैनी के प्रतिनिधि, महाराजा अग्रसैन सेवा सदन ट्रस्ट के देश राज बंसल तथा हरीओम सेवा दल से अनिल को मुख्य रूप से सम्मानित किया गया और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज का भी धन्यवाद किया। निर्वाचन अधिकारी ने पुनः दोहराया कि 10 अगस्त को पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए हम बचनबद्ध है और सभी से सहयोग की आपेक्षा भी है।



रोहतक। संस्थान के स्टाफ सदस्यों, पोलिंग अधिकारियों एवं सहायक स्टाफ सदस्यों को प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित करते निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल।




रोहतक। आयोजित सेमीनार को सम्बोधित करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### उच्च शिक्षा के लिए इनसो चलाएगा बड़ी मुहिम, युवाओं के हित में राज्यपाल से करेंगे मुलाकात : दुष्यंत चौटाला

रोहतक। इनसो ने अपना 23 वें स्थापना दिवस को सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के कॉन्फ्रेंस हॉल में आधुनिक कृषि पर सेमिनार का आयोजन करके मनाया। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला में आधुनिक कृषि सेमिनार में मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। साथ में वरिष्ठ नेता राजेंद्र लतानी, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील एवं रनपाल सिंह मौजूद रहें। जिला प्रभारी हरज्ञान मौखरा एवं जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा एवं इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का सेमिनार में पहुंचने पर स्वागत किया। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इनसो ने अपने स्थापना दिवस पर आम लोगों के हित के विषयों पर प्रदेशभर में सामाजिक कार्यक्रम किए हैं। उन्होंने कहा जननायक चौ. देवीलाल के पिछड़ा अति पिछड़ा समाज की प्रगति में योगदान पर चर्चा और पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला द्वारा हरियाणा की उन्नति में और विकास में योगदान पर चर्चा हो राजनीतिक भविष्य में महिलाओं के अहम योगदान के ऊपर चर्चा हो और कृषि क्षेत्र को कैसे बढ़ाया जाए इसके ऊपर चर्चा हो। हरियाणा के 22 जिलों में सामाजिक चर्चाओं पर आज इनसो के 23वे स्थापना दिवस पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि साल 2025-26 में इनसो सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों में सस्ती और अच्छी शिक्षा व्यवस्था स्थापित करवाने का प्रयास करें।

## देश के प्रमुख पत्रकारों और फिल्मकारों ने नवागंतुक विद्यार्थियों को किया प्रेरित

- छात्रों के साथ शैक्षणिक जीवन की दिशा तय करने वाले विचार साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए नवागंतुक छात्रों के स्वागत हेतु आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम का दिन प्रेरणा और अनुभव से भरपूर रहा। विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित इस दिनभर चलने वाले आयोजन में देश के प्रमुख मीडिया विशेषज्ञों और रचनात्मक पेशेवरों ने छात्रों को संबोधित किया और उनके शैक्षणिक जीवन की दिशा तय करने वाले विचार साझा किए।दिन की शुरुआत विजुअल आर्ट्स संकाय द्वारा आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी के अवलोकन से हुई, जहां अतिथियों ने छात्रों की रचनात्मक प्रस्तुतियों को देखा। उन्होंने प्रदर्शनी को दुर्लभ और असाधारण प्रतिभा की एक दृश्यात्मक अनुभूति बताया गया। जो विश्वविद्यालय में पोषित रचनात्मक गहराई को दर्शाती है। वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी ने अपने वक्तव्य में अनुशासन, कौशल निर्माण और फोकस पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, आगामी चार वर्ष आपके जीवन का लॉन्चपैड हैं इन्हें सार्थक बनाइए। जिन कौशलों को आप प्रकट नहीं कर पाते, वे व्यर्थ हैं। आपका विकास आपकी सजगता और निरंतर अभ्यास से ही संभव है।



रोहतक। दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विवि में मौजूद राष्ट्रीय पत्रकार और फिल्म निर्माता।

#### विवि का एक्सपोजर और मार्गदर्शन काबिले तारीफ

फिल्म निर्माता अतुल गंगवार, जो विश्वविद्यालय के छात्रों की फिल्मों को विभिन्न फिल्म महोत्सवों में देख चुके हैं, ने कहा कि डीएलसी सुपवा के छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्में बना रहे हैं। यह विश्वविद्यालय उन्हें जिस तरह का एक्सपोजर और मार्गदर्शन दे रहा है, वह काबिले-तारीफ है। वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय को ऐसा परिसर बताया जो युवा, रचनात्मक और महत्वाकांक्षी मनों को पंख देता है।

### छात्रों ने किया महम कोर्ट का भ्रमण

**महम।** दी रॉयल सहीराम स्कूल के छात्रों ने मंगलवार को महम कोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण स्कूल के सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बार एसोसिएशन महम के अध्यक्ष प्रदीप ढाका ने बच्चों का स्वागत किया और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में अवगत कराया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी देना था। बच्चों को कोर्ट की कार्यप्रणाली, न्यायिक प्रक्रिया, और वकीलों की भूमिका के बारे में बताया गया। छात्रों ने सिविल और क्रिमिनल कोर्ट की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा। यह भ्रमण छात्रों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। छात्रों ने कोर्ट परिसर की सफाई और अनुशासन की भी सराहना की।



### खिलाड़ियों ने मेहनत से रचा सफलता का इतिहास

**रोहतक।** शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड के विद्यार्थियों ने 29 से 31 जुलाई तक तेपला में आयोजित 36वें प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक (तृतीय स्थान) अर्जित किए। विद्यालय की अंडर-11 बालिका खो-खो टीम ने पूरे जोश और तालमेल के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम की खिलाड़ियों ने मैदान पर अपनी चुस्ती, रणनीति और अनुशासन का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विद्यालय के अंडर-17 बालक कबड्डी दल ने भी कठिन संघर्ष, अनुशासित अभ्यास और सामूहिक प्रयास के बल पर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों ने हर मुकाबले में दमदार पकड़, फुर्तीले रेड और सटीक डिफेंस का प्रदर्शन किया। टीम ने शुरुआती मैचों में प्रतिद्वंद्वी टीमों को कड़ी टक्कर दी और सेमीफाइनल तक का सफर आत्मविश्वास के साथ तय किया। टीम के खिलाड़ियों ने जोश, अनुशासन और कुशल रणनीति के बल पर मैदान पर ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शकों और निर्णायकों की खूब सराहना प्राप्त की।

## शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय स्कूल में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहीद रविंद्र धर्मार्थ ट्रस्ट कमला नगर द्वारा शहीद रविंद्र की 36वीं जयंती पर शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय, गांधी नगर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक खुराना सदस्य, जिला कष्ट निवारण समिति एवं पार्षद प्रतिनिधि रहे। विशिष्ट अतिथि राधेश्याम ढल पूर्व निगम पार्षद, शमशेर वत्स संस्था के प्रधान रहे। कार्यक्रम का आरंभ मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने शहीद रविन्द्र को पुष्पांजलि अर्पित करके किया। ट्रस्ट की तरफ से छठी से बारहवीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को एक स्कूल बैग, स्मृति चिहन व मेडल देकर पुरस्कृत किया। अशोक खुराना ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करके शहीद परिवार बच्चों में प्रेरणा जागृत कर रहे हैं। राधेश्याम ढल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इस स्कूल को पीएम श्री का दर्जा देने के लिए हम भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हमें शहीदों की कुर्बानी को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। विद्यालय प्राचार्य ने शहीद रविन्द्र के विषय में छात्रों को विस्तार से अवगत करवाया।





### दो पौधे नशा मुक्त घर के नाम से हुआ पौधरोपण

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में दो पौधे नशा मुक्त घर अभियान के नाम से मंगलवार को पौधरोपण किया गया। जिसका आयोजन यूनिवर्सिटी आऊटरीच, हॉर्टिकल्चर और कैंपस फॉरेस्ट्री द्वारा किया गया। अभियान में मुख्य अतिथि के तौर प्रो. एचएल वर्मा, कुलपति, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक ने दो पौधे नशा मुक्त घर परिवार के नाम से लगा कर कार्यक्रम की शुरूवात की तथा अपने वक्तव्य में कहा कि यह अभियान सामाजिक सरोकार में बहुत महत्वपूर्ण है तथा नशा मुक्त भारत अभियान में नींव का कार्य करेगा।

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना में चैलेंज प्रशिक्षण शुरू

# छात्रों को तकनीकी शिक्षा से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मदीना में दो महत्त्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन तथा कौशल बिजनेस चैलेंज 2.0 शामिल हैं। इन दोनों कार्यक्रमों का उद्घाटन संस्थान के प्रधानाचार्य वीरेंद्र मलिक ने किया। इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन प्रशिक्षण को दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। इसका पहला चरण दो दिवसीय ऑनलाइन मोड में संपन्न हुआ। सोमवार से ये कार्यक्रम शुरू किए गए थे। ऑन लाइन मोड का समापन मंगलवार को हुआ। अब प्रतिभागी अगले तीन दिनों तक ऑफलाइन मोड में संस्थान परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। ऑनलाइन प्रशिक्षण के दौरान प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार और डॉ. मंजीत कुमार ने प्रशिक्षण संचालन में विशेष भूमिका निभाई। साथ ही एससीईआरटी द्वारा नामांकित शकील (एल.एल.एफ.) ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया। प्रशिक्षण सत्रों को प्रभावी रूप से संचालित करने में अरविंद, पूजा, पूनम, हेमलता तथा मर्सी सिवाच ने मास्टर ट्रेनर के रूप में सराहनीय योगदान दिया। कौशल बिजनेस चैलेंज 2.0/" प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना समन्वयक विजेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में तथा प्रधानाचार्य वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की समन्वय भूमिका में डॉ. सुनील खोखर ने निभाई। सक्रिय रहे। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. रोमी तथा सुरेंद्र मोर ने विषयगत मार्गदर्शन देकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षकों व शैक्षिक अधिकारियों को कक्षा अवलोकन की वैज्ञानिक पद्धतियों, मूल्यांकन के सिद्धांतों, नेतृत्व क्षमताओं, और कौशल आधारित व्यवसायिक सोच से परिचित कराना है।



महम। मदीना डाइट में प्रशिक्षण लेते विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक।

### एमडीयू में पीजी छात्रों के लिए वेद पाठ से आरंभ होगा दीक्षारंभ उत्सव

**रोहतक।** एमडीयू में आगामी 11 से 14 अगस्त तक स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब यह उत्सव वैदिक परंपरा के अनुसार वेद पाठ के साथ आरंभ होगा। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में न केवल शैक्षणिक रुचि जागृत करना है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना से भी जोड़ना है। कुलपति ने इस आयोजन को शिक्षा के साथ संस्कार और समाज के प्रति जागरूकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह उत्सव विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि दीक्षारंभ उत्सव में विद्यार्थियों के कौशल विकास, उद्यमिता, सामाजिक सरोकारों और नैतिक मूल्यों पर विशेष फोकस रहेगा।



रोहतक। दीक्षारंभ उत्सव आयोजन समिति की बैठक लेते कुलपति।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- RMO 4
- ICU STAFF 6
- NURSING STAFF 4
- PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
- COMPUTER OPERATOR 1

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent...
HARTRON SKILL CENTRE
For Computer Education & Training Centre
Required:
Computer Software Teacher
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
M.7206002575
8929411222

## खबर संक्षेप

### सांपला में स्कूली खेल प्रतियोगिताएं शुरू हुई

**सांपला।** ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हुई। खेलों के नोडल अधिकारी राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला के प्राचार्य संदीप नैन रहे। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा ने खेल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। पहले दिन छात्राओं की प्रतियोगिता हुई। जिसमें खो-खो, जुडो, शतरंज , कबड्डी, मुक्केबाजी शामिल थी। योग में राजकीय बलियाना स्कूल की छात्राएं प्रथम रही। जबकि शतरंज में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक सांपला स्कूल की कीर्ति विजेता रही। फाइनल मुकाबले बुधवार को होंगे।

### कॉमरेड घोष की बरसी पर लाल झंडा फहराया

**रोहतक।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट के संस्थापक महामंत्री, महान मार्क्सवादी चिन्तनकार कॉमरेड शिवदास घोष की 49 वीं बरसी पर पार्टी के राज्य कार्यालय पर लाल झंडा फहराया गया। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने लाल झंडा फहराया। इस मौके पर पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड सत्यवान, वरिष्ठ राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड अनूप सिंह, जयकरण मांडौठी व जिला कमिटी सदस्य नरेंद्र कुमार, रामनिवास जांगड़ा, सुरेश अहलावत, उमेश मौर्य मौजूद रहे।

### सरचार्ज माफी का लाभ उठाएं उपभोक्ता : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिला के बिजली के बकाया बिलों के उपभोक्ताओं का आह्वान किया है कि वे सरकार द्वारा क्रियावित की जा रही सरचार्ज माफी योजना-2025 का लाभ उठाए। यह योजना आगामी 11 नवंबर 2025 तक लागू रहेगी। इस योजना का लाभ शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सभी उपभोक्ता श्रेणियों के उपभोक्ता उठा सकते हैं, जिनके बिजली बिल 31 अगस्त 2024 तक बकाया थे तथा अब तक बकाया हैं।

### छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**सांपला।** मंगलवार को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर संतोष हुड्डा ने की। इस आयोजन में मुख्य अतिथि व प्रेरक वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ जगदेव रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरा के अनुसार हवन के साथ की गई। जिसमें समस्त स्टाफ सदस्य और छात्राओं ने भाग लिया और सुखद एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक सत्र की कामना की। प्राचार्या डॉ संतोष हुड्डा ने छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए संस्थान के शैक्षणिक व सह - शैक्षणिक गतिविधियों से परिचय करवाया।

# रामगोपाल कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी लोगों के लिए मुसीबत

## जन स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से बढ़ी परेशानी, रहवासियों में गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की रामगोपाल कॉलोनी, गली नंबर 15 के निवासी इन दिनों गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यहां सीवर ओवरफ्लो की समस्या ने लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।

गली में आए दिन सीवर का गंदा पानी बहता रहता है, जिससे न केवल आवागमन ठप हो गया है बल्कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न होने लगी हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग को दो बार नहीं बल्कि कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। सीवर लाइन में गैस बनने की वजह से जब-तब ढक्कन उछलकर दूषित पानी फव्वारों की तरह बाहर आने लगता है, जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू और गंदगी फैल जाती है। गली में खड़े जलभराव से न सिर्फ राहगीर परेशान हैं, बल्कि स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।





**गंदे पानी में मच्छर पनपने लगे**

सीवर के गंदे पानी में मच्छर पनपने लगे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। जगह-जगह कीचड़ और गंदगी के कारण फिसलने का डर बना रहता है।

**समाधान नहीं हो पाया**

स्थानीय निवासी अशोक कुमार ने बताया कि हम कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस समस्या के बारे में सूचित कर चुके हैं। कुछ बार तो कर्मचारी आए भी, लेकिन सिर्फ औपचारिकता निभाकर चले गए। सीवर की सफाई का कोई स्थायी प्रबंध नहीं किया गया। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए। सीवर लाइन की गहराई और ढलान की दोबारा जांच हो, नियमित सफाई की व्यवस्था हो और यदि पाइपलाइन में कोई तकनीकी खामी है तो उसे भी तुरंत ठीक किया

**बारिश से भी जलभराव**

रामगोपाल कॉलोनी में यह समस्या पहली बार नहीं है। इससे पहले भी बरसात के मौसम में यहां जलभराव की स्थिति बन चुकी है, लेकिन प्रशासन द्वारा सिर्फ अस्थायी उपाय किए गए। अब जब हालात बद से बदतर हो चुके हैं, तो क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। यह समस्या सिर्फ एक गली की नहीं बल्कि पूरे शहरी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करती है। सवाल उठता है कि शिकायत के बावजूद समाधान नहीं करते, तो जनता कहां जाए।

# जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में सीपीआर का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें होली हार्ट हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रबंधक राजवीर नेहरा, नर्सिंग स्टाफ की क्वालिटी मैनेजर पूनम शर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ ओशान ने विशेष योगदान दिया।

निदेशक विक्रांत मायना और सान्या मायना ने कहा कि सीपीआर प्रशिक्षण से हम एक अधिक तैयार और प्रतिक्रियाशील समुदाय बना सकते हैं। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने मेडिकल टीम की प्रशंसा की और कहा कि यह प्रशिक्षण बच्चों की प्राथमिक चिकित्सा ज्ञान में वृद्धि करेगा।

सह-निदेशक हिमांशु गुप्ता ने मेडिकल टीम का धन्यवाद दिया और कहा कि सीपीआर प्रशिक्षण प्राथमिक चिकित्सा ज्ञान का महत्वपूर्ण घटक है। इस कार्यक्रम से छात्रों को हृदय संबंधी आपात स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए सशक्त बनाया गया।

# केवीएम स्कूल में किया रेड डे सेलिब्रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम स्कूल में रेड डे सेलिब्रेट किया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के सभी छात्र व छात्राएं लाल रंग के कपड़े पहन कर आए। बच्चों ने कैटवॉक व डांस भी किया। बच्चों ने खाने में लाल रंग का इस्तेमाल किया जैसे चुकंदर का पराठा, तरबूज चाट, सेब व आलू बुखारा आदि। रेड डे का आयोजन बच्चों को लाल रंग के बारे में बताने के लिए किया ताकि बच्चे अच्छी प्रकार से लाल रंग की जानकारी प्राप्त कर सके। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. मीना कौशिक ने बच्चों को बताया कि रंग हमारे जीवन में ऊर्जा, उत्साह और भावनाएं लाते हैं।



# विकल्प पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकल्प पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मिशन लाइफ के तहत इको क्लब एक्टिविटीज के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम एक्टिविटी के परिणामस्वरूप आज विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को पेड़ वितरित किए गए। एक पेड़ मां के नाम का एक प्रतीकात्मक भाव है, अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना। यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है जीवन के पोषण में माता की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। इसी के तहत सभी बच्चों को आज यह संदेश दिया गया कि वे अपने घर जाकर अपनी मां के साथ मिलकर एक पेड़ लगाए और यह सुनिश्चित करें कि वह बच्चे इन पेड़ों की सदा देखभाल करेंगे। स्कूल प्रबंधन कमेटी से प्रधानाचार्या किरण पाहवा, कोऑर्डिनेटर मंजू व सभी अध्यापकों ने



इस मिशन में हिस्सा लिया, साथ ही बच्चों को यह शपथ भी दिलवाई कि वह अपने द्वारा लगाए गए पेड़ों की सदा देखभाल करेंगे।

# एचडी पब्लिक स्कूल में व्याकरण प्रश्नोत्तरी में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए अंतरसदनीय हिंदी व्याकरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में मूंगा, पन्ना, नीलम और पुखराज सदन के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी टीम की ओर से दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने हिंदी व्याकरण के विविध विषयों जैसे संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, वचन, काल, मुहावरे, समास, उपसर्ग-प्रत्यय, विलोम-पर्यायवाची शब्द आदि पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी भाषिक



योग्यता और त्वरित सोच का प्रदर्शन किया। निदेशक सुरेन्द्र फोगाट, शैक्षिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट एवं प्रधानाचार्य दुलाल देब उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों को बधाई दी। यह प्रतियोगिता न केवल भाषा ज्ञान को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट माध्यम बनी, बल्कि टीम भावना, प्रतिस्पर्धा की भावना और मंच संचालन कौशल को भी विकसित करने में सहायक सिद्ध हुई।

# महेंद्र मॉडल स्कूल के छात्र गौरव ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीबीएसई द्वारा जोनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महेंद्र मॉडल स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र गौरव ने 57-60 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। यह जानकारी स्कूल निदेर्शिका अनू चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि छात्र ने गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल व रोहतक जिले का नाम रोशन किया है। अंत में छात्र गौरव को जीत की बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि गौरव ऐसे ही नाम रोशन करता रहेगा।



# पठानिया पब्लिक स्कूल में हुई रॉक एंड रॉल प्रतियोगिता, छात्रों ने दी बेहतरीन प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में रॉक एंड रॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य जैसे बॉलीवुड, देशभक्ति और फ्यूजन डांस की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। यह कार्यक्रम कक्षा एक व दो की अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनकी कला एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा



देना था। इस अवसर पर स्कूल को फाउंडर वर्षा पठानिया, स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्य तन्वी पठानिया, उप प्रधानाचार्य प्रीति डंडा, सुनीता मोर, हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# एमडीयू की तीन छात्राओं ने उत्तीर्ण की यूजीसी-नेट-जेआरएफ परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंज विभाग की तीन छात्राओं ने यूजीसी नेट-जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। विभागाध्यक्षा प्रो. प्रीति गुलिया ने बताया कि भावना तथा संजू ने यूजीसी-जेआरएफ तथा विदुषी ने यूजीसी-नेट की परीक्षा पास की। प्रो. प्रीति गुलिया ने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विभाग की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण प्रणाली और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। उन्होंने इन विद्यार्थियों को हार्दिक



बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल समेत विभाग के अन्य प्राध्यापकों- डॉ. पूजा मित्तल, डॉ. बालकिशन तथा डॉ. सुखविंदर सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया और शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## मेयर रामअवतार ने किया शुभारंभ

# मानसरोवर पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू, 18 लाख से होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसरोवर पार्क का सौंदर्यीकरण इसे नया रूप दिया जाएगा। इस दौरान यहां कच्चा ट्रैक बनाने के अलावा कई और बदलाव किए जाएंगे। योजना पर करीब 18 लाख खर्च आएगा। मंगलवार को नगर निगम मेयर राम अवतार वाल्मीकि व पार्षद प्रतिनिधि अशोक खुराना ने पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की उपस्थिति में नारियल फोड़कर मानसरोवर पार्क के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि पार्क में सैर करने के लिए कच्चा ट्रैक बनाया जा रहा है। नगर निगम मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि शहर में विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लगातार काम किया जा रहा है। इस अवसर पर निगम पार्षद कंचन खुराना के प्रतिनिधि अशोक खुराना ने कहां कि 18 लाख रुपये की लागत से मानसरोवर पार्क में



**रोहतक।** मेयर राम अवतार वाल्मीकि, अशोक खुराना पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की उपस्थिति में नारियल फोड़कर सौंदर्यीकरण का शुभारंभ करते हुए।

कच्चा ट्रैक, शहीदी स्मारक की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण,चार नये परगोला का निर्माण, बच्चों के खेलने के लिए नया झूला, कैंटीन व वरिष्ठ नागरिक क्लब को नया रूप, पार्क के फुटपाथ की मरम्मत, मुख्य गेट की मरम्मत, पार्क में स्थित शहीदों की प्रतिमाओं का सौन्दर्यीकरण, बैठने के लिए बैंचों की व्यवस्था, जिम की मशीनों व टूटे झूलों की मरम्मत सहित विकास के अनेक कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहां कि पार्क में 100 नये पौधे व घास लगाई जाएगी। इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेश किराड़, कपिल नागपाल, रमेश बोहर, पार्षद प्रतिनिधि नौराता मल भटनागर, मण्डल अध्यक्ष अमित मग्गू, महामंत्री मुकेश टक्कर, मोहित चौधरी, मण्डल प्रभारी राजीव भाकर, सन्नी शर्मा, लक्की परुथी, कुलविंदर सिक्का मौजूद रहे।

# कर्मचारियों ने तबादला नीति के खिलाफ किया प्रदर्शन



**रोहतक।** प्रदर्शन करते ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली कर्मचारियों ने मॉडर्न ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ पावर हाउस के बाहर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंताओं के जरिए मुख्यमंत्री नायब सैनी और बिजली मंत्री अनिल विज के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इसकी अध्यक्षता ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के राज्य उपप्रधान कर्मबीर सिवाच ने की। उन्होंने बताया कि अब तक अधिकारी तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में नहीं भेज पाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन तबादला नीति में भी पक्षपात हो रहा है। कुछ पदों को नीति से बाहर रखा गया है। कर्मबीर सिवाच ने बताया कि यूनियन की मांग एक्सग्रेशिया स्कीम में सेवा काल के पहले 5 साल तथा अंतिम 6 साल को जोड़ने की है, जबकि सरकार हादसों को न्योता देने वाली ऑनलाइन तबादला नीति जारी कर रही है। यदि सरकार बिजली निगमों की दशा सुधारना चाहती है तो खाली पड़े स्थायी पदों पर स्थायी भर्ती करती। राज्य सचिव धर्मराज कुंडू ने कहा कि शहर में संध्या नामक एजेंसी की सेवाओं से जनता परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ने 6 लाख प्रति व्यक्ति देकर कर्मचारियों को विशेष ट्रेनिंग दिलाई थी। ऐसे में सामान्य कर्मचारी चलती हुई लाइन पर काम करने में कैसे सक्षम हो सकता है, यह सवाल महत्वपूर्ण है।

### पोर्टल पर 70 साइट अपडेट, अवैध विज्ञापन लगाने वालों पर कर रहे कार्रवाई



**रोहतक।** विज्ञापन शाखा के अधिकारियों के साथ नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि अवैध विज्ञापन लगाने वालो पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। निगम कार्यालय द्वारा 70 साइट निविदा हेतु विज्ञापन पोर्टल पर अपडेट की गई हैं, जिनको विज्ञापन एजेन्सी व आमजन जो नगर निगम क्षेत्र में विज्ञापन का कार्य करना चाहते हो, वह अपनी फर्म का रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन वेबसाईट पर कर, ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं। निर्देश दिए गए कि ऐसे विज्ञापन वालो को भी चिन्हित कर नोटिस जारी किए जाएं, जिन द्वारा विज्ञापन पोर्टल पर स्वयं को बिना रजिस्ट्रेशन के शापिंग मॉल, शोरूम, दुकानों व छतों पर होर्डिंस व फ्लैक्स लगाए गए हैं। अवैध विज्ञापन लगाने वालों पर लगाने वालो पर कार्रवाई की जा रही है। बैठक में संयुक्त आयुक्त मंजीत कुमार, कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार धनखड़ मौजूद रहे।